प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 45/ 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 25 मार्च 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने अहमदाबाद और गॉधीनगर शहरों के आस-पास तथा बड़ोदरा से अहमदाबाद राजमार्ग (गुजरात) पर नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने फरवरी 2026 के महीने के दौरान अहमदाबाद और गॉधीनगर शहरों के आस-पास तथा बड़ोदरा से अहमदाबाद के राजमार्ग पर गुजरात लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष आम दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए जारी किए।

ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों- शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब आदि में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गये थे ।

इस प्रकार के ड्राइव परीक्षण में, 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सत्र स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत परीक्षण हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके रीयल टाइम में सत्रों की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है। ड्राइव टेस्ट के दौरान एकत्र किए गए डेटा का विशेष उपकरणों का उपयोग करके विश्लेषण किया जाता है, और इस विश्लेषण के आधार पर अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाती है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से गुजरात एलएसए में 02-02-2026 से 06-02-2026 के दौरान 462.4 किलोमीटर सिटी ड्राइव, 14 हॉटस्पॉट स्थानों, अहमदाबाद, गांधीनगर शहरों और वडोदरा से अहमदाबाद के 95.3 किलोमीटर राजमार्ग में 2.5 किलोमीटर का वॉक टेस्ट किया। ये परीक्षण भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर की देखरेख में आयोजित किए गए थे।

आईडीटी के दौरान, इस क्षेत्र में कार्यरत सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए वॉयस के साथ-साथ डेटा सेवा के लिए मोबाइल नेटवर्क के विभिन्न प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) का मूल्यांकन किया गया था। निष्कर्षों का सारांश नीचे दिया गया है:

(क) अहमदाबाद और गॉंधीनगर शहर:

(i) वॉयस सेवाएं:

क्रम	मुख्य निष्पादन संकेतक (ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में	माप प्रकार	एयरटेल	बीएसएनएल	आरजेआईएल	वीआईएल
1	कॉल सेटअप सक्सेज रेट %	%	100.00	**81.91**	99.86	99.72
2	ड्रॉप कॉल रेट %	%	0.00	**2.61**	0.00	0.00
3	कॉल सेटअप टाईम एवरेज (सेकेंड)	sec	0.89	2.21	0.50	0.63
4	कॉल साइलेंस रंट (म्यूट काल)	%	0.00	**5.03**	0.29	0.71
5	मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस)	1-5	4.00	3.12	4.53	4.51

(ii) डेटा सेवाएं:

क्रम	मुख्य निष्पादन संकेतक	माप प्रकार	एयरटेल	बीएसएनएल	आरजेआईएल	वीआईएल
1	एवरेज डाऊनलोड थ्रूपुट **5G**	(Mbits/s)	121.09	NA	258.16	55.09
2	एवरेज अपलोड थ्रूपुट **5G**	(Mbits/s)	34.66	NA	39.19	23.15
3	एवरेज डाऊनलोड थ्रूपुट **4G**	(Mbits/s)	47.24	18.05	41.81	31.97
4	एवरेज अपलोड थ्रूपुट **4G**	(Mbits/s)	7.15	6.50	8.50	12.76
5	लेटेंसी (50 वां पर्सेंटाईल)	in ms	32.55	42.03	19.72	21.39

ख. बड़ोदरा से अहमदाबाद राजमार्ग

:i) वॉयस सेवाएं:

क्रम	मुख्य निष्पादन संकेतक (ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में	माप प्रकार	एयरटेल	बीएसएनएल	आरजेआईएल	वीआईएल
1	कॉल सेटअप सक्सेज रेट %	%	100.00	**89.80**	100.00	100.00
2	ड्रॉप कॉल रेट %	%	0.00	**22.73**	0.00	0.00
3	कॉल सेटअप टाईम एवरेज (सेकेंड)	sec	0.93	3.67	0.55	0.69
4	कॉल साइलेंस रंट (म्यूट काल)	%	0.00	0.00	0.00	0.00
5	मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस)	1-5	3.80	2.66	4.50	4.45

(ii) डेटा सेवाएं:

क्रम	मुख्य निष्पादन संकेतक	माप प्रकार	एयरटेल	बीएसएनएल	आरजेआईएल	वीआईएल
1	एवरेज डाऊनलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	97.38	5.68	191.73	31.42
2	एवरेज अपलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	16.07	2.38	23.86	13.57
3	लेटेंसी (50 वां पर्सेंटाईल)	in ms	39.86	47.44	20.97	25.53

अहमदाबाद और गांधीनगर शहरों तथा वडोदरा से अहमदाबाद राजमार्ग में नैटवर्क के आकलन में गांधीनगर, कोलावाड़ा, सेक्टर-26, सेक्टर-30, कुडासन, अडालज, हंसोल, गिरधर नगर, पिपलाज, गोविंदवाड़ी, विंजोल, नवापुरा, कठवाड़ा, नानाचिलोडा, नरोदा, बापूनगर और मणिनगर आदि और पोइचा, चिकोदरा, नाडियाड, मोदाज और गेराटनगर आदि से गुजरते हुए राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे 1 के वडोदरा से अहमदाबाद तक के क्षेत्र शामिल थे।

आईडीटी रिपोर्ट के निष्कर्षों को संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ साझा किया गया है ताकि वे इसे नोट करें और आवश्यकता पड़ने पर आगे की कार्रवाई कर सकें। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट पर www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त जानकारी के लिए adv.jaipur@trai.gov.in पर भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर को ईमेल भेजा जा सकता है।

(राजेश कुमार अग्रवाल)
सलाहकार, भादूविप्रा
क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर